सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-373
01/09/2016

राष्ट्रीय किसान स्वराज गठबंधन के शिष्टमण्डल ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की

पटना, 01 सितम्बर 2016 :– एलायंस फॉर सस्टेनेबुल एंड होलिस्टिक एग्रीकल्चर (आशा) जो राष्ट्रीय किसान स्वराज गठबंधन के नाम से भी जाना जाता है, की राष्ट्रीय संयोजक कविता कुरूगंटी के नेतृत्व में पॉच सदस्यीय शिष्टमण्डल ने मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार से 1 अणे मार्ग स्थित 'संकल्प' में मुलाकात की। शिष्टमण्डल ने मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री से इस बात पर चर्चा की, कि केन्द्र सरकार द्वारा जैव परिवर्द्धित (जी0एम0) सरसों के व्यवसायिक खेती को दी जा रही मंजूरी पर रोक लगाने हेतु पहल की जाय। शिष्टमण्डल ने बताया कि केन्द्र सरकार के वन एवं पर्यावरण मंत्रालय के एक इकाई जेनेटिक इंजीनियरिंग एप्रुवल कमिटी (जी0ई0ए0सी0) द्वारा सितम्बर माह में जैव परिवर्द्धित सरसों के मंजूरी की कवायद चल रही है। शिष्टमण्डल ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि जैव परिवर्द्धित फसल पर्यावरण एवं मनुष्य के स्वास्थ्य के लिये हानिकारक है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार में जैव विविधता है। उन्होंने कहा कि सरकार जैविक खेती (ऑर्गेनिक फार्मिंग) को बड़े पैमाने पर बढ़ावा दे रही है। उन्होंने कहा कि जैव परिवर्द्धित फसलें (जी0एम0 फसल) एवं जैविक खेती (ऑर्गेनिक फार्मिंग) साथ–साथ नहीं चल सकते। उन्होंने कहा कि इस संबंध में वे प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर जैव परिवर्द्धित सरसों जो पर्यावरण एवं मानव के हित में नहीं है, पर रोक लगाने का अनुरोध करेंगे।

शिष्टमण्डल में राष्ट्रीय संयोजक कविता कुरूगंटी के साथ श्री कपिल साह, श्री पंकज भूषण एवं अन्य सदस्यगण उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह भी उपस्थित थे।

******